संपादकीय

# सौ साल का विवेक

हेनरी किसिंजर की यह बात गौर करने लायक है कि दुनिया में आज हालात ठीक वैसे हैं, जैसे प्रथम विश्व युद्ध के पहले थे। ठीक उसी तरह एक चिंगारी पूरी दुनिया को युद्ध में झोंक सकती है। हेनरी किसिंजर कल (27) मई को 100 साल के हो जाएंगे। उनके आलोचक आज भी उन्हें एक युद्ध-उन्मादी बताते हैं। एक ऐसा भी तबका है, जो वियतनाम युद्ध में किसिंजर की भूमिका को लेकर उन्हें युद्ध अपराधी बताता है। जबकि दूसरी तरफ उन्हें व्यावहारिक नजरिए वाले ऐसा राजनयिक के रूप में देखा जाता है, जिन्होंने अपनी सोच और रणनीतियों से दूसरे विश्व युद्ध के बाद की अमेरिका की विदेश नीति दूर तक प्रभावित किया। उनकी सोच का असर सिर्फ तब नहीं था, जब वे अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश मंत्री थे। बल्कि उसके बाद के पिछले पांच दशकों में भी दुनिया में उनकी बात ध्यान से सुनी जाती रही है। यह दीगर है कि बीते 20-25 साल में उनके अपने देश में उनकी सलाहों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। अनेक जानकार मानते हैं कि इस दौर में अमेरिका में आर्थिक ले कर सुरक्षा और विदेश नीति तक पर 'ऐसे नव-कंजरवेटिव्स' का नियंत्रण हो गया है, जो देश को मध्य मार्ग से हटाकर उग्रता की तरफ ले गए हैं। जबकि मध्य मार्ग ही अमेरिकी समृद्धि और रसूख का आधार था। किसिंजर को इस बात का अहसास है। सौवें जन्म दिन से पहले उन्होंने ब्रिटिश पत्रिका द इकॉनमिस्ट को जो लंबा इंटरव्यू दिया है, उससे यह बात जाहिर होती है। इससे यह जाहिर होता है कि अमेरिकी शासन-तंत्र इन वर्षों में किस हद तक दक्षिणपंथी धुरी की तरफ खिसक गया है। बहरहाल, किसिंजर की यह बात गौर करने लायक है कि दुनिया में आज हालात ठीक वैसे हैं, जैसे प्रथम विश्व युद्ध के पहले थे। ठीक उसी तरह एक चिंगारी पूरी दुनिया को युद्ध में झोंक सकती है। किसिंजर ने कहा है कि अमेरिका और चीन ने अपने को पूरी तरह समझा लिया है कि दूसरा उसका दुश्मन है। इस वयोवृद्ध राजनयिक के नजरिए में यह बिल्कुल ही गलत आकलन है। इन दोनों देशों में संवाद और मुख्य मुद्दों पर सहमति की गुंजाइश मौजूद है। दरअसल, इसके बिना आज की दुनिया सुरक्षित नहीं रह पाएगी। स्पष्टत: दुनिया किसिंजर की इस विवेकपूर्ण सलाह को अपने लिए जोखिम बढ़ाने की कीमत पर ही नजरअंदाज कर सकती है।

# चिपसेट विनिर्माता मीडियाटेक की, वाहन, सैटेलाइट संचार क्षेत्र में विस्तार की तैयारी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर हर वर्ष करीब दो अरब कनेक्टेड उपकरणों के लिए माइक्रो चिपसेट उपलब्ध कराने वाली प्रौद्योगिकी कंपनी मीडियाटेक ने कहा है कि वह नए उभरते ऑटोमोटिव, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अपनी नवीनतम प्रौद्योगिकियों के बाजार में अपना विस्तार करने की तैयारी में है।

कंपनी के अधिकारियों ने विश्लेषकों और बाजार प्रतिभागियों के साथ बैठकों के 'मीडियाटेक टेक्नोलॉजी डायरीज़' शीर्षक कार्यक्रम की नयी कड़ी ने गुरुवार की शाम राजधानी में शक्तिशाली चिपसेट- मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9200 प्लस एवं 9000 प्लस और डायमेन्सिटी ऑटो को प्रदर्शित किया। कंपनी का जोर ऑटोमोटिव, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में मीडियाटेक की नवीनतम प्रौद्योगिकियों की ओर है।

नोएडा स्थिति मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकु जैन ने भारत में सभी स्मार्टफोन और स्मार्ट डिवाइस इकोसिस्टम में अपनी उपस्थिति बढ़ाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी अपने नवीनतम पोर्टफोलियो और आने वाले 5 जी चिपसेट को साझा किया जिसमें मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9200 प्लस, 9000 प्लस, 8020, 7050, 7200, कांपैनियो 1200, मीडियाटेक डायमेन्सिटी ऑटो और मीडियाटेक जीनियो 1200 शामिल किए हैं। मीडियाटेक ने कहा है कि उसने मोटोरोला, फ्लिपकार्ट, एचपी, वनप्लस, लावा, शियाओमी, इनफिनिक्स, ओप्पो, वीवो, टेक्नो, रीयल्म, आईक्यूओओ और सैमसंग आदि के साथ सभी पोर्टफोलियो को लेकर कुछ नवीनतम गठबंधन भी किए है।

श्री जैन ने कहा, 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 5जी, 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और एआरध्वीआर जैसी नये ज़माने की प्रौद्योगिकियां नवप्रवर्तन की एक नयी लहर पैदा कर रही हैं। इसके अलावा, हम ऑटोमोटिव, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और कनेक्टिविटी जैसे नए वर्टिकल्स में नवप्रवर्तन की संभावना तलाश रहे हैं।

इस अवसर पर मोटोरोला में मार्केटिंग प्रमुख (एशिया प्रशांत) शिवम रंजन ने कहा, ' नवप्रवर्तन हमेशा से ही मोटोरोला की पहचना रही है। हम भारत में 5 जी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम अनुभव उपलब्ध कराने में पहले ही आगे निकल चुके हैं। हाल ही में पेश मोटोरोला एज 40 में शक्तिशाली मीडियाटेक डायमेन्सिटी 8020 चिपसेट लगे हैं।

साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम के मुताबिक, भारत का एक दूसरे से जुड़े हुए उपभोक्ता बेहतर निष्पादन के लिए चिपसेट के महत्व के बारे में तेजी से जागरूक हो रहे हैं।

इस चर्चा में फ्लिपकार्ट के कारोबार प्रमुख (टीवी) अतुल हांडा, टेकआर्क के फैसल कावुसा, काउंटरप्वाइंट की अंशिका जैन, भारतीय मोबाइल फोन विनिर्माता लावा इंटरनेशनल के उत्पाद प्रमुख सुमित सिंह ने भी भाग लिया। श्री सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले पेश स्मार्ट फोन लावा अग्नि 2 को मिल रही प्रतिक्रिया को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत के प्रथम डायमेन्सिटी 7050 से लैस है और हम इसका उत्पादन बढ़ाने को प्रतिबद्ध हैं।

# फोनपे ने दो लाख रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ा

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान ऐप फोनपे ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) से दो लाख रुपे क्रेडिट कार्ड को लिंक करने वाला पहला डिजिटल पेमेंट ऐप बन गया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके अलावा, फोनपे ने यूपीआई पर रूपे क्रेडिट के ज़रिए, 150 करोड़ रुपये की टोटल पेमेंट वैल्यू की भी प्रक्रिया की है।

फोनपे का मकसद, यूपीआई पर रूपे क्रेडिट के लिए बड़े पैमाने पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि ग्राहक और व्यापारी, दोनों ज़्यादा से ज़्यादा इसका इस्तेमाल कर सकें। फोनपे पहले से ही देश में 1.2 करोड़ मर्चेंट आउटलेट्स पर, यूपीआई पर रूपे क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल की सुविधा मुहैया करा रहा है। इसकी वजह से क्रेडिट कार्ड इकोसिस्टम में, व्यापारियों के बीच फोनपे की गहरी पैठ बन गई है। यूपीआई के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की वजह से, यह पक्का हो गया है कि ग्राहकों के पास लेन-देन के लिए, अपने रुपे क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कहीं भी और कभी भी करने की सुविधा है। फोनपे, फोनपे ऐप पर ज़रूरी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, ताकि ग्राहक लेन-देन के लिए इसे आसानी से इस्तेमाल कर सकें। फोनपे उपभोक्ताओं को ऐसी सूचनाएं भी लगातार भेजता हैं जिससे सुविधाओं की जानकारी आसानी से समझ में आ जाए।

# इंस्टाग्राम पर 250 मिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाले पहले भारतीय बने विराट कोहली

**नई दिल्ली ।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। हालांकि, यह उपलब्धि उनके खेल से जुड़ी हुई नहीं है। दरअसल, विराट कोहली इंस्टाग्राम पर 250 मिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाले पहले और एकमात्र भारतीय बन गए हैं। भारत तो क्या विराट कोहली के पूरे एशिया में सबसे ज्यादा फॉलोअर हैं।

विराट कोहली पूरी दुनिया में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी के बाद सबसे अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाले एथलीटों में तीसरे स्थान पर हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 585 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं। वहीं, लियोनल मेसी के 464 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं।

इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने सेलिब्रिटीज की ओवर ऑल लिस्ट में विराट कोहली 16वें नंबर पर हैं। इस लिस्ट में रोनाल्डो और मेसी के बाद तीसरे नंबर पर सेलेना गोम्ज, चौथे नंबर पर काइली जैनर और पांचवे नंबर पर ड्वेन जॉनसन हैं। वहीं, अगर एथलीट्स की बात करें तो विराट कोहली इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं।

# अगले महीने से बंद हो जाएगी यूट्यूब स्टोरी, कंपनी ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** अगर आप यूट्यूब यूजर हैं तो आपके लिए ये जानकारी बेहद जरूरी है। यूट्यूब अपने प्लेटफॉर्म से एक फीचर को अगले महीने से बंद कर देगा। इसमें यूट्यूब का स्टोरीज वाला फीचर अगले महीने से आपके देखने के लिए नहीं मिलेगा। यूट्यूब पर ये फीचर दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और स्नैपचैट के स्टोरीज वाले फीचर से इंस्पायर है। हालांकि यूट्यूब का स्टोरी वाला फीचर यूजर्स के बीच इतना ज्यादा पॉप्यूलर नहीं था।

यूट्यूब स्टोरी को पहली बार 2017 में पेश किया गया था और शुरुआत में इसे क्रद्गद्गद्यह्य कहा जाता था। ये फीचर उन यूजर्स के लिए था जिनके 10,000 से ज्यादा सब्सक्राइबर्स थे। अब यूट्यूब की स्टोरीज भी इंस्टाग्राम की तरह एक टाइम के बाद डिसअपियर हो जाएगा।

यूट्यूब पर स्टोरीज फीचर के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। ये ज्यादा यूजर्स के पास नहीं था इसे केवल कुछ ही क्रिएटर्स कंटीन्यू इस्तेमाल कर रहे थे। यूट्यूब स्टोरी भी इस फीचर को ज्यादा प्रोमोट नहीं किया, इसलिए कई यूजर्स इस फीचर के बारे में नहीं जानते हैं। लेकिन अब यूट्यूब स्टोरी ने स्टोरीज को हटाने का फैसला लिया है। यूट्यूब क्रिएटर्स को कंटेंट शेयर करने के और तरीके ढूंढने पड़ेंगे। क्रिएटर्स को कम्यूनिटी पोस्ट और शॉर्ट्स का इस्तेमाल करने के लिए एनकेरज किया जा रहा है।

कम्युनिटी पोस्ट टेक्स्ट-बेस्ड अपडेट हैं जिन्हें क्रिएटर्स अपने सब्सक्राइबर्स के साथ शेयर कर सकते हैं। यूट्यूब ने हाल में इस फीचर को आगे बढ़ाया है और यहां तक कि पोस्ट को एक लीमिटेड पीरियड के बाद खत्म करने का ऑप्शन भी ऐड किया है। क्रिएटर्स कम्युनिटी पोस्ट में पोल, क्तह्वह्व5, इमेज और वीडियो भी शेयर कर सकते हैं। ये पोस्ट उनके चैनल पर एक डेडिकेटेड टैब में शो होगा जिससे सब्सक्राइबर के लिए उन्हें ढूंढना और उनसे कनेक्ट होना आसान हो जाता है।

# गिल-मोहित के तूफान में उड़ी मुबंई, खिताब बचाने से एक कदम दूर गुजरात

**अहमदाबाद।** शुभमन गिल (129 रन,60 गेंद) की रनो की बरसात के बाद मोहित शर्मा (दस रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्षा प्रभावित मैच में मुबंई इंडियंस को 64 रन से रौंद कर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 233 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की पूरी टीम 18.2 ओवरों में 171 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। गुजरात टाइटंस अब फाइनल में रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स का मुकाबला करेगी।

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बारिश के कारण मैच निर्धारित समय से करीब आधा घंटा देरी से शुरू हुआ। मुबंई के कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीत कर पिच में व्याप्त नमी का अंदाजा लगाते हुये गुजरात को बल्लेबाजी सौंपी मगर मैदान पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने वाले शुभमन के तेवर का उन्हे कतई अंदाज नहीं था। क्रीज पर आते ही पंजाब के जीवट खिलाड़ी के बल्ले ने आग उगलनी शुरू कर दी।

शुभमन के तूफान को थामने की रोहित सेना ने भरपूर कोशिश की मगर असफल रहे और देखते ही देखते गुजराती शेर ने न सिर्फ अपना आईपीएल शतक पूरा किया बल्कि उसके बाद भी मुबंई के गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं दिखाया। उन्होने अपनी 129 रन की पारी में महज 60 गेंद खेलकर दस आसमानी छक्के लगाये और सात बार जमीनी रास्ते से गेंद को सीमा रेखा के बाहर पहुंचाया। वह आकाश माधवाल की शानदार यार्कर पर टिम डेविड के हाथों आउट हुये। शुभमन ने साई सुदर्शन (43) के साथ 138 रनों की शानदार साझीदारी भी निभायी।

गुजरात द्वारा दिये गये चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुबंई की टीम शुरू से दवाब में नजर आयी जब रोहित शर्मा (8) और नेहाल बढेरा (4) रन बना कर पवेलियन लौट गये हालांकि बाद में तिलक वर्मा (43, 14 गेंद) और सूर्य कुमार यादव (61,38 गेंद) ने रनों की रफ्तार को बढाने की पुरजोर कोशिश की। पारी के 15वें ओवर में गेंदबाजी करने आये मोहित शर्मा ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुये पहले सूर्य को पवेलियन वापस भेजा वहीं राशिद खान ने टिम डेविड के पैर क्रीज पर जमने से पहले ही उखाड़ दिये।

# भुवनेश्वर की लड़कियों ने जीता रग्बी का स्वर्ण

**लखनऊ।** भुवनेश्वर के केआईआईटी की लड़कियों और पुणे के भारती विद्यापीठ के लडक़ों ने पहली बार उत्तर प्रदेश में आयोजित किए जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 का रग्बी का खिताब जीत लिया है। केआईआईटी की लड़कियों ने शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह कॉलेज मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में मुंबई विश्वविद्यालय को 56-0 से हराया जबकि भारती विद्यापीठ के पुरुषों ने अपने वर्ग के फाइनल में केआईआईटी को 19-10 के अंतर से पराजित किया। इस वर्ग का कांस्य पदक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने जीता।

शुक्रवार को ही बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी हाल में सिलसिलेवार तरीके से टेबल टेनिस मुकाबले खेले गए, जिसमें महिलाओं के सेमीफाइनल मुकाबलों में एसआरएम यूनिवर्सिटी ने चितकारा यूनिवर्सिटी को 3– 0 और एडमस यूनिवर्सिटी ने कलकत्ता यूनिवर्सिटी को 3-1 से हराया। पुरुषों के वर्ग में चितकारा विश्वविद्यालय ने फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से होगा। शनिवार को वॉलीबॉल में महिला वर्ग के सेमीफ़ाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ का सामना पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से होगा जबकि दूसरे मैच में एसआरएम यूनिवर्सिटी-चेन्नई की भिड़ंत एडमस यूनिवर्सिटी, कलकत्ता से होगा।

गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज परिसर में स्थित इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को हॉकी के मुकाबले शुरू हुए। पुरुषों के वर्ग में संबलपुर यूनिवर्सिटी-ओडिशा ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को 1-0 से हराया जबकि जीएनडीयू-अमृतसर ने सावित्रीबाई फुले-पुणे विश्वविद्यालय को 4-0 से हराया। इसी तरह बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी ने वीर बहादुर पूर्वांचल यूनिवर्सिटी-जौनपुर के साथ 4– 4 से ड्रॉ खेला। अंतिम मैच में पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को 4-3 से हराया। लखनऊ में ही जारी पुरुष फुटबॉल मुकाबलों में संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी- पंजाब ने पंजाब यूनिवर्सिटी को 3-2 से हराया जबकि महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, केरल ने एडमस विश्वविद्यालय के साथ 2 – 2 से ड्रा खेला।

# बाबा केदारनाथ के धाम पहुंची कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों देवभूमि उत्तराखंड में हैं। कल मंगलवार को कंगना रनौत ने हरिद्वार में साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया था। तो आज कंगना बाबा केदारनाथ में दर्शन करने केदारनाथ धाम पहुंची। उन्होंने बाबा केदार के दर पर माथा टेका। कंगना रनौत के साथ खानपुर विधायक उमेश कुमार भी केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। बदरी-केदार मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहित समाज ने कंगना रनौत का स्वागत किया।

वहीं, महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद महाराज भी कंगना रनौत के साथ ही भगवान केदारनाथ के दर्शन को पहुंचे थे। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने कंगना रनौत का स्वागत कर उनको भगवान केदारनाथ जी का प्रसाद, भस्म और रुद्राक्ष की माला भेंट की। मंदिर समित ने अभिनेत्री कंगना रनौत को केदारनाथ धाम का महाप्रसाद दिया। अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि वह समर्पण भाव से केदारनाथ पहुंची हैं और उन्होंने भगवान केदारनाथ सभी के कल्याण की प्रार्थना की है। यहां आकर सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था और प्रण को अधिक बल मिला है। दर्शन के बाद कंगना तीर्थयात्रियों और तीर्थ पुरोहितों से भी मिलीं।

# कैनेडी में सनी की हंसी को परफेक्ट करने पर अड़े रहे थे अनुराग कश्यप

एक्ट्रेस सनी लियोनी अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी से कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म एक अनिद्राग्रस्त पूर्व पुलिस अधिकारी केनेडी की कहानी है, जिसे सालों से मृत मान लिया गया है। सनी लियोन ने फिल्म में चार्ली नाम की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा: यह एक जटिल किरदार है। वह जिस चीज को सबसे ज्यादा छिपाती है, वह है हंसी। मेरा मानना है कि वह एक ऐसी महिला है जो दो अलग-अलग दुनिया में फंसी हुई है, एक वह है जिसमें वह रहना चाहती है और एक वह है जिसमें वह फंसी हुई है। मुझे इस किरदार को निभाने में बहुत मजा आया।

## आज का राशिफल

**मेष-** आप सुख-सुविधा के लिए प्रयास करेंगे। परिवार के साथ आपकी निकटता होगी। निजी मामलों में संवेदनशीलता दिखाएं। भवन व वाहन के क्षेत्र में उन्नति करें। भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति संभव है। सहयोग का प्रतिशत अधिक रहेगा।

**वृष-** आप साहसिक व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि करेंगे। पारिवारिक मामलों में रुचि लें। यात्रा संभव हो सकती है। संचार और संपर्क पर जोर दें। आलस्य त्यागें। नकारात्मक चर्चाओं से बचें।

**मिथुन-** आप पूरे परिवार की भलाई के लिए प्रयास बढ़ाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। प्रियजनों का आगमन अपेक्षित है। सहयोग का प्रतिशत अधिक रहेगा। आनंद और आनंद में वृद्धि होगी। आप अपनी वाणी और व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे।

**कर्क-** रचनात्मकता के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यों को नए तरीके से पूरा करने का प्रयास करें। शुभ प्रस्तावों में वृद्धि होगी। आप सबके सहयोग से आगे बढ़ेंगे। याददाश्त मजबूत होगी। कलात्मक कार्यों में रुचि बनाए रखें।

**सिंह-** निवेश गतिविधियों पर ध्यान दें। खर्चों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आय में सुधार बना रहेगा। आप प्रबंधन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ेंगे। जरूरी कार्यों को गति दें। बातचीत में स्वाभाविक रहें।

**कन्या-** हर कार्य में मनचाही सफलता मिलने के संकेत हैं। आर्थिक उत्थान होगा। लाभ व सुधार की स्थिति बनी रहेगी। कार्य विस्तार पर जोर दें। सहकर्मियों और मित्रों के साथ बने रहें। स्थिति पर नियंत्रण बढ़ाएं।

**तुला-** अपनी भूमिका में जिम्मेदार रहें। अथॉरिटी आपकी मदद करेगी। विभिन्न प्रयास अनुकूल रहेंगे। पद, प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त करें। उल्लेखनीय प्रदर्शन बनाए रखें। विभिन्न स्रोतों से लाभ में वृद्धि होगी। वांछित परिणामों से प्रेरित रहें।

**वृश्चिक-** भाग्य वृद्धि की संभावनाओं में आपको बल मिलेगा। सफलता का परचम लहराता रहेगा। व्यावसायिकता पर जोर दें। लक्ष्यों पर ध्यान बढ़ेगा। लंबी दूरी की यात्रा संभव है। आप अपने सहयोगियों के साथ सहयोग करेंगे।

**धनु-** सहजता और सद्भाव बनाए रखें। आवश्यक कार्यों में धैर्य और विनम्रता से काम लें। अपने घर और परिवार में सरल रहें। अपनों के सहयोग से कार्यों को पूरा करें। आपसी विश्वास बनाए रखें। व्यवस्था का उल्लंघन करने से बचें। विनम्रता से काम निकालें।

**मकर-** आप महत्वपूर्ण मामलों में गतिविधि का अनुभव करेंगे। औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियां फलें-फूलेंगी। संवाद और संवाद में सहजता बनाए रखें। सकारात्मक समय का लाभ उठाएं।

**कुंभ-** कामकाज से जुड़े मामलों में आप तालमेल बनाकर रखेंगे। मेहनत और लगन पर जोर दें। अग्रिम कार्य योजनाएं। अपना समय प्रभावी ढंग से प्रबंधित करें। निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। परिश्रम और समर्पण को बनाए रखें।

**मीन-** बौद्धिक शक्ति से आप सभी कार्य सहजता से कर पाएंगे। परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखें। मित्रता में सुधार होगा। लाभ-संबंधी मामलों की अपनी समझ बढ़ाएँ। प्रोफेशनल मामलों में जोश दिखाएं।

# क्रिस्पी पोटैटो ब्रेड बॉल्स बनाने की लजीज रेसिपी

झटपट लजीज स्नैक्स के लिए कई विकल्प मिल जाएंगे। मेहमान के लिए घर पर क्रिस्पी पोटैटो ब्रेड बॉल्स बना सकते हैं। इसकी रेसिपी आसान है। शाम के नाश्ते में भी इसे बनाया जा सकता है। वहीं बारिश में तो क्रिस्पी पोटैटो बॉल्स का स्वाद अधिक बढ़ जाता है। आइए जानते हैं क्रिस्पी पोटैटो ब्रेड बॉल्स बनाने की लजीज रेसिपी।

### सामग्री

ब्रेड, आलू, लाल मिर्च पाउडर, जीरा, सौंफ, धनिया पत्ती, हरी मिर्च कटी, तेल, नमक।

### विधि

स्टेप 1- पोटैटो ब्रेड बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले आलू को उबाल लें।

स्टेप 2- अब उबले हुए आलू को छीलकर रख लें।

स्टेप 3- एक गहरे बर्तन में उबले आलू डालकर अच्छे से मैश कर लें।

स्टेप 4- आलू में लाल मिर्च पाउडर, सौंफ, जीरा, बारीक कटी धनिया पत्ती, बारीक कटी हरी मिर्च और नमक मिला लें।

स्टेप 5- अब ब्रेड के चारों किनारों को चाकू की मदद से काट कर अलग कर दें।

स्टेप 6- ब्रेड को तोड़कर आलू में मैश कर लें और पूरे मिश्रण को अच्छी तरह से मिला लें।

स्टेप 7- तैयार मिश्रण को हथेलियों पर लेकर मसलते हुए बॉल्स का आकार दे दीजिए।

स्टेप 8- अब एक कड़ाही में मध्यम आंच में तेल गर्म करके उसमें बॉल्स को अच्छे से सुनहरा होने तक तल लें।

स्टेप 9- प्लेट में निकाल कर सॉस या चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 77

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 76 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त | |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द | |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी | |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र | |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ | |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न | |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र | |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ | |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी | |

## सू-दोकू- 77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.76 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |